ई-मेल/डाक

राजस्थान सरकार
(निर्वाचन विभाग)

क्रमांकः प.1(54) III बी/निर्वा/2011/1224 जयपुर, दिनांक 21/3/16

प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

प्रेषित : समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,
(कलक्टर) राजस्थान।

विषय : जिला निर्वाचन अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में रिक्त पदों की पूर्ति करने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत विभाग के ध्यान में आया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में जिला मुख्यालय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में निर्वाचन विभाग के स्वीकृत पद रिक्त चल रहे है जिसके फलस्वरूप निर्वाचन संबंधी कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

2. जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलक्टर) से अनुरोध है कि वह मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण हेतु राष्ट्रीय अभियान को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन विभाग के प्रत्येक जिले में स्वीकृत पदों के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में रिक्त पदों की पूर्ति अबिलम्ब की जाये। पदस्थापन के समय विशेष ध्यान रखा जाए कि कार्मिक निर्वाचन संबंधी कार्य की जानकारी रखता है, यदि निर्वाचन संबंधी कार्यालय में अनुभवी एवं जानकार कार्मिक का पदस्थापन किया जाएगा तो निश्चित रूप से कार्य सुविधापूर्वक किया जा सकता है।

3. जिले में यदि नियमित सेवारत कार्मिक के पदस्थापन के पश्चात् भी पद रिक्त रहते है तो जिला निर्वाचन अधिकारियों से अनुरोध है कि वह 28 मार्च, 2016 तक विभाग को सूचित करें कि जिला मुख्यालय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में कितने पद रिक्त है। उक्त सूची विभाग को भेजते समय यह भी आकंलन कर लिया जाए कि जिले में उक्त पदों की संविदा के माध्यम से पूर्ति हेतु अनुभवी सेवा निवृत्त कार्मिक उपलब्ध है तथा उक्त रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर कार्य करने को तैयार है ताकि कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 17(10)डीओपी/ए-II/94 दिनांक 10 फरवरी, 2016 के अनुसार सक्षम स्वीकृति प्राप्त की जाकर इन रिक्त पदों की सेवा निवृत्त संविदा कर्मियों के माध्यम से पूर्ति की जा सके।

4. इस विषय में आपको यह भी विदित है कि राज्य के सभी जिलों में निर्वाचन संबंधी कार्य के लिए जिला मुख्यालय पर तहसीलदार निर्वाचन का पद सृजित किया गया है तथा इस पद पर राजस्व मण्डल द्वारा तहसीलदार/नायब तहसीलदार का पदस्थापन किया जाता है। इस विषय में यह जानकारी प्राप्त हुई है कि अधिकांश जिलों में तहसीलदार निर्वाचन के पद रिक्त चल रहे है। जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलक्टर) से अनुरोध है कि वह अपने स्तर पर इस पद पर कार्य करने वाले इच्छुक तहसीलदारों को चिन्हित कर इनके पदस्थापन के विषय में राजस्व मण्डल से आग्रह करें जिससे कि योग्य अधिकारी की नियुक्ति होने के फलस्वरूप निर्वाचन संबंधी कार्य तत्परता से सम्पादित किए जा सके।

कृपया उपरोक्त निर्देशों की पालना की जाना सुनिश्चित करें।

भवदीया,

(राजेश यादव)
कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान, जयपुर।